भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 601**
06 फरवरी, 2025 को उत्तर देने के लिए

## ओडिशा में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग

**601. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** विगत तीन वित्त वर्षों और चालू वर्ष के दौरान ओडिशा में विशेषकर जनजातीय बहुल और पिछड़े जिलों में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का वर्षवार ब्यौरा क्या है;

**(ख)** उक्त अवधि के दौरान प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत ओडिशा में स्थापित खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की संख्या और अन्य संगत योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

**(ग)** क्या सरकार को ओडिशा से मेगा फूड पार्कों अथवा शीत श्रृंखला परियोजनाओं की स्थापना हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क):** खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में समग्र विकास को बढ़ावा देने और सुनिश्चित करने के लिए, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ( एमओएफपीआई ) ओडिशा के सभी जिलों सहित पूरे देश में अपने केंद्रीय क्षेत्र के प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई), खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई) और केंद्र प्रायोजित प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना के माध्यम से संबंधित बुनियादी ढांचे की स्थापना/विस्तार को प्रोत्साहित कर रहा है। ये योजनाएं क्षेत्र या राज्य विशेष नहीं हैं, बल्कि मांग आधारित हैं। पीएमकेएसवाई की उप-योजनाओं के अंतर्गत, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय 15 वें वित्त आयोग चक्र के लिए 5520 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ उद्यमियों को ज्यादातर ऋण से जुड़ी वित्तीय सहायता (पूंजी सब्सिडी) प्रदान करता है। उद्योग मंत्रालय पीएमएफएमई योजना के तहत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की स्थापना/उन्नयन के लिए वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता भी प्रदान करता है। यह योजना 2020-21 से 2025-26 तक 10,000 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ चालू है। पीएलआईएसएफपीआई का उद्देश्य अन्य बातों के साथ-साथ वैश्विक खाद्य विनिर्माण चैंपियनों के निर्माण में सहायता करना तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में खाद्य उत्पादों के भारतीय ब्रांडों को सहायता प्रदान करना है। यह योजना 10,900 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 2021-22 से 2026-27 तक की अवधि के लिए प्रचालनरत है ।

**(ख) एवं (ग ) :** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय अपने आप खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ स्थापित नहीं करता है। परंतु, यह अपनी योजनाओं के माध्यम से इन उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करता है। ओडिशा में 2021-22 से पीएमकेएसवाई, पीएमएफएमई और पीएलआईएसएफपीआई के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-I** में है। ओडिशा में पीएमकेएसवाई योजना की शुरुआत से लेकर अब तक इसके तहत स्वीकृत मेगा फूड पार्क और शीत श्रृंखला परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-II** में है ।

*****

*अनुबंध- I*

**दिनांक 06 फरवरी 2025 को उत्तर हेतु "ओडिशा में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 601 के भाग (ख) एवं (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**क. वर्ष 2021-22 से पीएमकेएसवाई की घटक योजना के तहत अनुमोदित परियोजनाओं की सूची**

| क्रम सं. | परियोजना का नाम | ज़िला | परियोजना की लागत ( करोड़ रुपये में) | स्वीकृत अनुदान सहायता ( करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| **घटक योजना-- एकीकृत शीत श्रृंखला और मूल्य संवर्धन अवसंरचना** | | | | |
| **1** | मां शाकम्भरी फूड्स | संबलपुर | 27.41 | 10.00 |
| **2** | बी वन बिजनेस हाउस प्राइवेट लिमिटेड | खोर्दा | 33.79 | 9.90 |
| **3** | अलाशोर मरीन एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | बालासोर | 36.49 | 8.51 |
| **4** | सारस एलाइड एग्रो एंड फूड प्राइवेट लिमिटेड | बलांगीर | 36.30 | 5.50 |
| **5** | ओवीओ फार्म प्राइवेट लिमिटेड | बलांगीर | 54.42 | 5.66 |
| **घटक योजना-- कृषि प्रसंस्करण क्लस्टरों के लिए अवसंरचना का निर्माण** | | | | |
| **6** | विजय नगर बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड | नबरंगपुर | 50.52 | 10.00 |
| **घटक योजना-- खाद्य प्रसंस्करण एवं परिरक्षण क्षमताओं का सृजन/विस्तार** | | | | |
| **7** | टीएबीपी स्नैक्स एंड बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड | रायगडा | 14.39 | 5.00 |
| **8** | फ्लैमिन्को श्रिम्पेक्स (पी) लिमिटेड | खुर्दा | 35.96 | 4.91 |
| **9** | विजयनगर बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड (यूनिट 1) | नवरंगपुर | 8.03 | 2.72 |
| **10** | विजयनगर बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड (यूनिट 3) | नवरंगपुर | 7.11 | 2.46 |
| **11** | विजयनगर बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड (यूनिट 4) | नवरंगपुर | 4.25 | 1.47 |
| **12** | विजयनगर बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड (यूनिट-5) | नवरंगपुर | 4.23 | 1.46 |
| **13** | विजयनगर बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड (यूनिट 2) | नवरंगपुर | 4.15 | 1.43 |

**ख. वर्ष 2020-21 से पीएमएफएमई के तहत ओडिशा राज्य में मंजूरी किए गए सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आधारित प्रस्ताव**

ऋण लिंक्ड सब्सिडी के साथ अनुमोदित सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की संख्या: 1789

प्रारम्भिक पूंजी के लिए सहायता प्राप्त स्वयं सहायता समूहों की संख्या: 26905

**सी. 2021-22 से पीएलआईएसएफपीआई योजना के तहत प्रतिबद्ध निवेश वाली परियोजनाओं की सूची**

| क्र.सं. | लाभार्थी का नाम | क्षेत्र | ज़िला | प्रतिबद्ध निवेश ( करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|---|

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पार्ले एग्रो प्राइवेट लिमिटेड | फल औइर सब्जियां | खोर्दा | 25.8 |
| 2. | टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड | फल औइर सब्जियां | बारगढ़ | 12.5 |
| 3. | गद्रे मरीन एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड | समुद्री उत्पाद | बालासोर | 24.85 |
| 4. | ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड | उपभोक्ता उत्पाद (आरटीसी/आरटीई) | खुर्दा | 50 |
| 5. | आईटीसी लिमिटेड | उपभोक्ता उत्पाद (आरटीसी/आरटीई) | खुर्दा | 14.5 |

*****

*अनुबंध- II*

**दिनांक 06 फरवरी 2025 को उत्तर हेतु "ओडिशा में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 601 के भाग (ख) एवं (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**<u>ओडिशा में पीएमकेएसवाई की शुरुआत से लेकर अब तक इसके अंतर्गत मेगा फूड पार्क और शीत श्रृंखला परियोजनाओं का विवरण</u>**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | कुल परियोजना लागत ( करोड़ रुपये में) | स्वीकृत अनुदान राशि ( करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|
| **घटक योजना- मेगा फूड पार्क** | | | |
| 1 | एमआईटीएस मेगा फूड पार्क लिमिटेड | 87.88 | 45.94 |
| 2 | ओडिशा औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम | 121.95 | 50.00 |
| **घटक योजना- एकीकृत शीत श्रृंखला और मूल्य संवर्धन अवसंरचना** | | | |
| 3 | ओम ऑयल एंड फ्लोर मिल्स लिमिटेड. | 13.45 | 2.08 |
| 4 | फाल्कन मरीन एक्सपोर्ट्स लिमिटेड | 77.18 | 10.00 |
| 5 | हाईलैंड एग्रो | 53.08 | 10.00 |
| 6 | सबरी फ़ूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | 49.39 | 10.00 |
| 7 | मां शाकम्भरी फूड्स | 27.41 | 10.00 |
| 8 | बी वन बिजनेस हाउस प्राइवेट लिमिटेड | 33.79 | 9.90 |
| 9 | अलाशोर मरीन एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | 36.49 | 8.51 |
| 10 | सारस एलाइड एग्रो एंड फूड प्राइवेट लिमिटेड | 36.30 | 5.50 |
| 11 | ओवीओ फार्म प्राइवेट लिमिटेड | 54.42 | 5.66 |

*****